रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 19 अक्टूबर, 2026

वर्ष 02 | अंक 247 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

ग्वालियर में ट्रक ने 41 को कुचला, 15 की मौत

ग्वालियर (एजेंसी)। ग्वालियर में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने 41 श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। दो पुलिसकर्मी समेत 26 लोग घायल हैं। चीनौर रोड पर ढलान के पास अनियंत्रित हुए धान से भरे ट्रक ने सड़क किनारे मौजूद श्रद्धालुओं और दुकानों को कुचल दिया। इसके बाद ट्रक मंदिर के प्रवेश द्वार और बाहरी दीवार

- 41 श्रद्धालुओं को कुचला, 15 लोगों की गई जान

से जा टकराया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। घायलों में दो पुलिसकर्मी भी हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस और प्रशासन की टीमें राहत-बचाव कार्य में जुट गईं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब 1.30 बजे चीनौर रोड पर ढलान के पास हुआ। बताया जा रहा है कि नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शीतला माता मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। इसी दौरान धान से भरा एक ट्रक वहां पहुंचा और चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे मौजूद श्रद्धालुओं और दुकानों को कुचलता हुआ मंदिर के प्रवेश द्वार तक पहुंच गया।



मृतकों के परिजनों को 4 लाख, घायलों को भी आर्थिक मदद

हादसे के बाद मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा भी की है। राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2-2 लाख रुपये और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि हादसे में घायल सभी लोगों का निःशुल्क उपचार कराया जाए, ताकि उन्हें समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। दुर्घटना से प्रभावित परिवार ग्वालियर, शिवपुरी और श्योपुर के बताए गए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना और मंत्री राकेश शुक्ला को ग्वालियर पहुंचने के निर्देश दिए।

हादसे के बाद सीएम शुभेंदु अधिकारी ने दिखाई सख्ती,मुआवजे का भी ऐलान

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ की घटना के बाद बंगाल सरकार ने राहत और सुरक्षा से जुड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले 19 लोगों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, मामले में छह लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में रखा गया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, मृतकों में से 18 पश्चिम बंगाल के निवासी थे। प्रशासन की प्राथमिकता शवों का पोस्टमार्टम कराने और उन्हें परिजनों को सौंपने की थी। उन्होंने बताया कि अब तक आठ से नौ शव परिवारों को सौंपे जा चुके हैं। हादसे के बाद पूजा पंडालों में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार सख्ती बरतने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पंडालों में दर्शकों के प्रवेश को सीमित किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हालिया घटना को देखते हुए वीआईपी प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।



अब महाराष्ट्र के बीड में भीषण सड़क हादसा



तेज रफ्तार बस और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत, सीएम ने दिए जांच के निर्देश

पुणे/बीड (एजेंसी)। कोलकाता दुर्गा पूजा पंडाल में भगदड़ और ग्वालियर में बेकाबू ट्रक द्वारा लोगों को कुलचने की घटना के बाद महाराष्ट्र के बीड में भयावह एक्सीडेंट सामने आया है। यहां पर तेज रफ्तार रोडवेज बस और कार की टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार परिवार को लोग कार से तुलजापुर जा रहे थे। इस हादसे में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीड जिले के माजलगांव इलाके में शिंदेवाड़ी फाटा के पास एक राज्य परिवहन बस और कार की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

सीजेपी प्रोटेस्ट में हिंदू विरोधी नारे, दिल्ली से गोवा तक ऐक्शन



300 से ज्यादा के खिलाफ एफआईआर, कार में लाठियां ले जा रहे 2 गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध-प्रदर्शन के बीच दिल्ली से गोवा तक ऐक्शन शुरू हो गया है। दिल्ली में ताबड़तोड़ गिरफ्तारियों के साथ एफआईआर हुई हैं तो वहीं, गोवा में भी 300 से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस बीच सीजेपी प्रदर्शनकारियों पर हिंदुओं के खिलाफ नारेबाजी के आरोप लगे हैं। घटना गोवा में हुई है, जिसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री खुद ऐक्शन मोड में आ गए हैं। इधर, गोवा पुलिस ने 11 अक्टूबर को पणजी में कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए 300 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि उन्होंने ऐसे नारे लगाए, जिनसे हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं। पुलिस इंस्पेक्टर विजयकुमार चोडनकर ने बताया कि सीजेपी ने विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंदुत्व मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए।

इंदौर में 150 करोड़ से बनेगा देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया स्मारक निर्माण कार्य का निरीक्षण



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर के लालबाग पैलेस के समीप लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर स्मारक के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस स्मारक के प्रथम चरण में 40 करोड़ रुपये के कार्य होंगे। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्मारक का समग्र विकास करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लालबाग पैलेस, रामपुर कोठी, चंपा बावड़ी और शिव मंदिर को एकीकृत विकास योजना में शामिल किया जाए, ताकि पर्यटक इन सभी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का एक साथ अवलोकन कर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि संरक्षण के दौरान भवन के मूल स्थापत्य स्वरूप और ऐतिहासिक महत्व को सुरक्षित रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐतिहासिक रामपुर कोठी के जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया। भवन की ऐतिहासिक पहचान बनाए रखने के लिए पारंपरिक चूना तकनीक से बाहरी दीवारों का संरक्षण तथा छतों पर वॉटर प्रूफिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों के प्रगति की सतत रूप से उन्हें जानकारी दी जाए।

डराने की कोशिश, लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे:दीपके

सीईसी के इस्तीफे की मांग पर डटे सीजेपी प्रमुख

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने आज सौरव दास और आशुतोष रांका की रिहाई को लेकर उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि दोनों के आने के बाद सभी लोग एक साथ बैठेंगे, आगे की रणनीति बनाएंगे और तय करेंगे कि इस लड़ाई को किस दिशा में ले जाना है। दीपके ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान हुई गिरफ्तारियों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि उन्हें डराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के नेता आशुतोष रांका और सौरव दास की रिहाई पर फैसला आज आना है। दोनों को 14 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार था और 5 दिन



की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। उनकी रिहाई के लिए अर्जी और जमानतदारों के दस्तावेज जमा करा दिए गए हैं, और पुलिस द्वारा इनका सत्यापन किया जा रहा है।

मणिपुर में कुकी और नगा समुदायों के बीच गोलीबारी

1 व्यक्ति की मौत, 4 घायल, हिंसा में 15 घर जले

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के कामजोंग जिले के चसाद गांव में शनिवार को कुकी और नगा समुदायों के हथियारबंद समूहों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-इसाक मुइवा और म्यांमार के तांगखुल उग्रवादी थे। हालांकि, इन आरोपों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। हिंसा के बाद कुकी समुदाय के 15 घरों में आग लगा दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरवरी से अब तक 50 से ज्यादा आम नागरिक मारे जा चुके हैं। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।



दूसरी घटना में तीन नागरिकों को गोली लगी

दूसरी घटना कामजोंग जिला मुख्यालय में हुई, जहां नगा समुदाय के तीन नागरिकों को गोली लगी। नगा विलेज गार्ड की ईस्टर्न कमांड के मुताबिक, घायलों की पहचान टी. चिथुंग, एस. मालुंग और एम. शिथुंग के रूप में हुई है। तीनों नागरिक रक्षा स्वयंसेवक हैं।

जैन सोशल ग्रुप आइकॉन की 'रिदम ऑफ रास 2026' में गरबा, भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम

108 दीपों से हुई माताजी की आरती, डीजे की धुन पर झूमे सदस्य

सलीम हुसैन

झाबुआ। भारतीय संस्कृति पारंपरिक वेशभूषा भक्ति और उल्लास से सराबोर जैन सोशल ग्रुप आइकॉन झाबुआ की रिदम ऑफ रास 2026 गरबा नाइट यादगार बन गई। निजी गार्डन में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में धार्मिक परंपराओं, संगीत, गरबा और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिला। आकर्षक प्रस्तुतियों और विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों ने आयोजन को खास बना दिया।

108 दीपों से हुआ भक्तिमय शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ नीरज गादिया, जय भंडारी, संचित बाबेल, अंकित रुनवाल, विराट पीतलिया, कपिल गादिया एवं निखिल सेठिया द्वारा माताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया।भक्तिमय वातावरण में हुई आरती ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। इसके बाद विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में निक्की जैन ने शानदार एकल नृत्य प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इसके पश्चात डीजे की जोशीली धुनों पर सदस्यों ने पारंपरिक गरबा और रास का जमकर आनंद लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों की ऊर्जा, तालमेल और उत्साह ने पूरे आयोजन को उत्सवमय बना दिया ! कार्यक्रम



का मुख्य आकर्षण विभिन्न श्रेणियों में आयोजित पुरस्कार प्रतियोगिता रही। प्रतिभागियों ने पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य कौशल और शानदार तालमेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में सचिन एवं सलोनी रुनवाल ने 'रिदम ऑफ रास चैंपियन' का खिताब अपने नाम किया। बेस्ट ड्रेस मेल श्रेणी में विशाल कोठारी को 'छेल छबीला' तथा बेस्ट ड्रेस फीमेल श्रेणी में राजुल कोठारी को 'छेल छबिली' के खिताब से सम्मानित किया गया। वहीं, मयंक एवं निधिता रुनवाल को 'रंगीला मैचिंग' पुरस्कार प्रदान किया गया। गरबा नृत्य में रौनक घोड़ावत को 'बावलो छोरो' तथा परी गादिया को 'मतवाली छोरी' का पुरस्कार मिला। अमित एवं हेमा जैन को उत्कृष्ट युगल गरबा प्रस्तुति के लिए 'ताल से ताल मिलाओ' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'मैजिक ऑफ कपल्स' श्रेणी में चयन एवं नेहा कटारिया तथा अक्षत एवं निमिता भंडारी को पुरस्कार प्रदान किए गए।

नन्हे प्रतिभागियों ने भी जमाया रंग

बच्चों की प्रतिभा और उत्साह को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार श्रेणियां रखी गईं। शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग में 'लड्डू पेड़ा अवॉर्ड' एह्म कोठारी, हितार्थ सेठिया, निवि पंचोली एवं वेदार्थ बाबेल को प्रदान किया गया।इसी प्रकार, पांच से पंद्रह वर्ष आयु वर्ग में 'गरबे के नन्हे सितारे' पुरस्कार रैना घोड़ावत, ख्वाहिश जैन, धर्मी शाह एवं मिवान भंडारी को मिला। नन्हे प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने आयोजन में चार चांद लगा दिए।

सहयोग और सामूहिक प्रयास से सफल हुआ आयोजन

'रिदम ऑफ रास 2026' को भव्य स्वरूप देने में समूह के सदस्यों एवं सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ट्रॉफी सहयोग के लिए विराट चंचल पीतलिया, कपिल परी गादिया तथा निखिल विधि सेठिया का आभार व्यक्त किया गया। ट्रॉफी डिजाइन में सहयोग के लिए जय एवं खुशबू भंडारी को धन्यवाद दिया गया। स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था में गौरव जैन, विराट पीतलिया एवं दिनेश रुनवाल का विशेष सहयोग रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं में संस्थापक अध्यक्ष नीरज एवं मीना गादिया, जोन कोऑर्डिनेटर जय एवं खुशबू भंडारी, दिनेश एवं रश्मि रुनवाल तथा गौरव एवं सोनाली जैन का योगदान सराहनीय रहा।

कार्यक्रम को शुरुआत से समापन तक रोचक बनाए रखने में सुहानी एवं प्रयास बाबेल की अहम भूमिका रही

वहीं, आयोजन की संपूर्ण योजना तैयार करने में निक्की जैन, निधि रुनवाल, शैलू बाबेल, सुहानी बाबेल एवं शिवानी सेठिया ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्कृति, एकता और खुशियों का यादगार उत्सव कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष संचित बाबेल एवं सचिव अंकित रुनवाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

'रिदम ऑफ रास 2026' ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के साथ परिवारों एवं समाज के बीच आपसी मेलजोल, एकता और आत्मीयता को मजबूत करने का संदेश दिया। जैन सोशल ग्रुप आइकॉन का यह आयोजन भक्ति, प्रतिभा और सामूहिक सहभागिता का यादगार उदाहरण बना।

मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र में जहरीले केमिकल से जल प्रदूषण का आरोप, जिला युवा कांग्रेस झबुआ के जिला अध्यक्ष नटवर डोडियार ने प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी

नाले पर पहुंचकर जिला अध्यक्ष नटवर डोडियार ने देखी जमीनी स्थिति, एसडीएम को सौंपा शिकायत आवेदन, सीएम हेल्पलाइन पर भी दर्ज कराई शिकायत

सलीम हुसैन

झाबुआ मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र में कंपनियों द्वारा कथित रूप से दूषित अपशिष्ट जल एवं जहरीले रासायनिक पदार्थ नदी-नालों में छोड़े जाने की गंभीर शिकायतों को लेकर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष नटवर डोडियार ने मौके पर पहुंचकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने संबंधित समस्याओं को लेकर एसडीएम को शिकायत आवेदन सौंपा तथा मामले में तत्काल कार्रवाई और उचित निराकरण की मांग की। साथ ही गंभीर समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई।

जिला युवा कांग्रेस ने मांग की है कि संबंधित औद्योगिक इकाइयों की जांच कराई जाए, अपशिष्ट जल एवं रासायनिक पदार्थों के निपटान की प्रक्रिया की पड़ताल हो तथा पर्यावरण और आमजन के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

जिला अध्यक्ष नटवर डोडियार का बयान - "मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र में यदि कंपनियां अपने मुनाफे के लिए नदी-नालों को जहरीला बना रही हैं, तो यह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त



नहीं किया जाएगा। जल ही जीवन है, लेकिन यदि इसी जल को जहरीला किया जाएगा तो इसका खामियाजा हमारे किसान, ग्रामीण और आने वाली पीढ़ियां भुगतेंगी। आखिर उद्योगों की जिम्मेदारी पर्यावरण की रक्षा करना है या उसे बर्बाद करना?

हमने मौके पर पहुंचकर स्थिति को समझा है और प्रशासन के समक्ष शिकायत रखकर तत्काल निराकरण की मांग की है। अब प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जिला युवा कांग्रेस आमजन के साथ सड़कों पर उतरकर वृहद आंदोलन और चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगी। हम जनता के जल, जीवन और पर्यावरण की रक्षा के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे। जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, हमारी लड़ाई जारी रहेगी

जिला युवा कांग्रेस ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से तत्काल जांच कराई जाए और शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन की ओर से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है, तो आगामी समय में आमजन के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। उक्त सम्पूर्ण जानकारी अधिवक्ता लौकेन्द्र बिलवाल, प्रवक्ता, जिला युवा कांग्रेस झाबुआ द्वारा प्रदान की गई।

करैरा के काली माता मंदिर परिसर में भक्ति और संस्कृति का अनूठा संगम, मॉडर्न दादी सावित्री शर्मा के मार्गदर्शन में गरबा, दीपदान एवं नौ देवी दर्शन का भव्य आयोजन संपन्न

करैरा। नगर के प्रसिद्ध एवं आस्था के प्रमुख केंद्र काली माता मंदिर परिसर में मॉडर्न दादी सावित्री शर्मा के मार्गदर्शन में महिला मंडल द्वारा गरबा, दीपदान एवं नौ देवी दर्शन का भव्य, दिव्य और आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और नारी शक्ति के समन्वय से सजे इस आयोजन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में भक्ति और संस्कृति की मनोहारी छटा देखने को मिली। गरबा की पारंपरिक लय, दीपदान की पावन आभा और नौ देवी दर्शन की आध्यात्मिक अनुभूति ने उपस्थित श्रद्धालुओं के मन में श्रद्धा एवं भक्ति का संचार किया। मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने धार्मिक परंपराओं को सहेजने और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश भी दिया।

मॉडर्न दादी सावित्री शर्मा के मार्गदर्शन की नगर में सराहना मॉडर्न दादी सावित्री शर्मा के मार्गदर्शन में महिला मंडल द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की करैरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी सराहना हो रही है। आयोजन की दिव्यता, सांस्कृतिक गरिमा और धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत स्वरूप को लेकर नगर एवं ग्रामीण अंचलों में चर्चाओं का दौर जारी है। ऐसे आयोजन न केवल समाज में धार्मिक चेतना को प्रबल करते हैं, बल्कि आपसी सद्भाव, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ बनाते हैं। विशेष रूप से महिलाओं की सहभागिता से संपन्न यह कार्यक्रम नारी शक्ति की सक्रियता, सामाजिक समर्पण और परंपराओं के प्रति सम्मान का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया।

आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रेरणादायी संगम

काली माता मंदिर परिसर में आयोजित गरबा, दीपदान एवं नौ देवी दर्शन का यह कार्यक्रम श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर प्रतीक रहा। मॉडर्न दादी सावित्री शर्मा के मार्गदर्शन में महिला मंडल की इस पहल ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज को अपनी परंपराओं से जोड़ने का सराहनीय प्रयास किया। करैरा नगर में यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना को भी नई ऊर्जा प्रदान करने वाला रहा। यही कारण है कि कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता नगर वासियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

हिंदू जागरण मंच जिला द्वारिका ने गरबा आयोजनों का किया निरीक्षण, आयोजकों को नियमावली की दी जानकारी

इंदौर। नवरात्रि पर्व के दौरान जिले में आयोजित हो रहे गरबा महोत्सवों को लेकर हिंदू जागरण मंच जिला द्वारिका की टीम सक्रिय नजर आई। मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गरबा पंडालों में पहुंचकर आयोजकों और संचालकों से चर्चा की। इस दौरान संगठन की ओर से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दिए गए ज्ञापन में उल्लेखित मांगों एवं नियमावली से आयोजकों को अवगत कराया गया। साथ ही आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक समझाइश दी गई। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने आयोजकों से आग्रह किया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं आम श्रद्धालुओं के लिए गरबा आयोजन में प्रवेश पास निःशुल्क रखने की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही आयोजन स्थलों पर आने वाले लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पहचान पत्रों की जांच करने, तिलक लगाने तथा सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई।

मंच की ओर से गरबा आयोजनों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गीतों और भजनों को प्राथमिकता देने, प्रतिभागियों के पहनावे में सांस्कृतिक मर्यादा का ध्यान रखने तथा नशा करके आने वाले लोगों को पंडाल में प्रवेश नहीं देने की मांग भी रखी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने आयोजकों से इन बिंदुओं पर गंभीरता से ध्यान देने की अपील की।



ये पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे उपस्थित

निरीक्षण एवं जनसंपर्क अभियान के दौरान जिला द्वारिका के सह-संयोजक विक्की तिवारी, जिला संवेदनशील क्षेत्र प्रमुख रोहित चांसरकर, जिला कार्यालय प्रमुख शैलू ठाकुर, केशव नगर संयोजक संजय यादव, सह-संयोजक मुकेश पाल तथा संवेदनशील प्रमुख नीरज बघेल सहित नगर टोली के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा आदि शंकराचार्य क्षेत्र से सह-संयोजक यश भंडारी, रवि शर्मा, संजय एवं राजेश शर्मा तथा ज्योतिबा फुले क्षेत्र से अभिजीत जाधव और लखन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता भी अभियान में शामिल हुए। हिंदू जागरण मंच जिला द्वारिका के जिला संयोजक पीयूष जादम के नेतृत्व में संगठन ने गरबा आयोजकों से धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का पालन करने तथा आयोजन स्थलों पर सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने की अपील की।

धार रोड पर चार्टर्ड बस और छाबड़ा बस में भिड़ंत, ढाबे में जा घुसी चार्टर्ड बस

खुशबू श्रीवास्तव

ग्रीन पार्क के पास पेट्रोल पंप की ओर यू-टर्न लेते समय हुआ हादसा, चार्टर्ड बस चालक का पैर फ्रैक्चर; छाबड़ा बस चालक हिरासत में इंदौर। धार रोड स्थित ग्रीन पार्क के पास रविवार, 18 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 8 बजे चार्टर्ड बस और छाबड़ा बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पंजाबी देसी ढाबे में जा घुसी। दुर्घटना में चार्टर्ड बस चालक गजराज पिता भेरूसिंह सांखला के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार्टर्ड बस क्रमांक MP 09 FA 9237 धार की ओर से इंदौर आ रही थी, जबकि छाबड़ा बस क्रमांक



MP 11 P 0842 गंगवाल बस स्टैंड की ओर से धार की तरफ जा रही थी। इसी दौरान ग्रीन पार्क गेट के पास पेट्रोल पंप पर जाने के लिए छाबड़ा बस चालक ने कथित तौर पर लापरवाहीपूर्वक यू-टर्न लिया। इससे दोनों बसों के बीच टक्कर हो गई और चार्टर्ड बस सड़क किनारे स्थित पंजाबी देसी ढाबे में जा घुसी। हादसे में चार्टर्ड बस चालक गजराज घायल हो गए, जिन्हें पैर में फ्रैक्चर आया है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में चार्टर्ड बस चालक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस ने छाबड़ा बस चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 1242/26, धारा 125, 281 एवं 324(4) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

टिमरनी क्षेत्र में कपासी से जूवारदा पुलिया टूटने से आदिवासी समाज मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित

वीरेंद्र चौहान- रणजीत टाइम्स

हरदा -हरदा जिले के टिमरनी क्षेत्र ग्राम कपासी से जुवारदा जाने वाले मार्ग की पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आदिवासी समाज को बहुत ही दिक्कत होगा सामना करना पड़ रहा है। अगर इस गांव में कोई बीमार या धात्री महिला हो तो उसे ले जाने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ सकता है अगर समय रहते इस पुलिया की मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो अप्रिय घटना हो सकती है। ग्रामीणों को कहना है कि इसमें मोरम डाली जाए तो मार्ग चालू हो सकता है जिससे किसानों की फसल की बिक्री के लिए भी किसान मंडी में जा सकता है।



शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

छुरा। कुँवार नवरात्रि पर्व के साथ ही माता की स्तुति, आराधना से वातावरण भक्तिमय हो गया है। देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलशों की बढ़ती संख्या श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास को दर्शाती है। छत्तीसगढ़ ही नहीं, विदेशों में रहने वाले भक्तगण भी माता के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए ज्योति प्रज्वलित कर रहे हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय मां महामाया सेवा परिवार छुरा माता की सेवा, जसगीत गायन और भक्तिमय प्रस्तुतियों में पूरी श्रद्धा के साथ जुटा हुआ है। देवी मंदिरों तथा घरों में विराजित जग ज्योति जवारा स्थलों पर समिति के सदस्य पारंपरिक जसगीतों और सेवा गीतों के माध्यम से माता का गुणगान कर रहे हैं। समिति के कोषाध्यक्ष राहुल नामदेव ने बताया कि अंचल के प्रख्यात जसगीत गायक डॉ. के.आर.



सिन्हा उनके आदर्श हैं। उन्हीं की भक्ति, गायन शैली और सांस्कृतिक परंपरा से प्रेरणा लेकर समिति के सदस्य सुमिरन से लेकर नवरात्रि के प्रत्येक दिवस के निर्धारित भजनों तक माता की आराधना करते हैं। उनकी प्रस्तुतियों में प्राचीन जसपचरा गीतों के साथ पारंपरिक एवं आधुनिक धुनों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। समिति द्वारा हिंगलाज भवानी के प्राकट्य, हनुमान जन्मकथा, नंदी जन्म, माता के श्रृंगार, सती कथा, राम-रावण युद्ध, महिषासुर मर्दन, रक्तबीज वध, शुंभ-निशुंभ वध तथा कंकालीन माता की गाथा जैसे विविध धार्मिक प्रसंगों पर आधारित सेवा गीत प्रस्तुत किए जाते हैं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक कथाओं से जोड़ने के साथ लोकगीतों और पारंपरिक जसपचरा की समृद्ध विरासत को जीवंत बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य गायक शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में कोरस कलाकार राहुल नामदेव, डिगेश्वरी गोस्वामी, नंदकिशोर सिन्हा, खुमेश, छन्नू, जितेंद्र पाटकर, पार्थ राव पांडरे, मयंक, रौनक एवं हिमांशु अपनी स्वर साधना से सेवा को भावपूर्ण बनाते हैं। नाल वादन में भोजराज ध्रुव, लुकेश ध्रुव, प्रवीण सिन्हा, मोहन ध्रुव एवं गोकुल तथा मांदर वादन में सागर ध्रुव, नरेंद्र, राघव एवं गोविंद अपनी कला से प्रस्तुतियों में पारंपरिक लोकसंगीत की मधुरता भरते हैं। विशेष बात यह है कि बाल कलाकार गुंजन सिन्हा और योगिता सिन्हा भी अपने दादा की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। वे प्रतिदिन देर रात तक भजन गायन में सहभागिता निभाते हुए नई पीढ़ी को भक्ति, लोकसंस्कृति और पारंपरिक संगीत से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। जय मां महामाया सेवा परिवार की यह साधना केवल भजन गायन तक सीमित नहीं है, बल्कि माता के प्रति अटूट श्रद्धा, सामूहिक सेवा भावना और छत्तीसगढ़ की लोकसांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का भी सुंदर उदाहरण है।

श्री महागौरी की आराधना - अज्ञान के अंधकार से आत्मचेतना के प्रकाश की ओर

नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। इसी क्रम में नवरात्रि के आठवें दिन माँ दुर्गा के अष्टम स्वरूप माँ महागौरी की पूजा-अर्चना एवं ध्यान किया जाता है। माँ महागौरी को पवित्रता, शांति, ज्ञान और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक माना जाता है। उनकी कृपा से साधक के जीवन में व्याप्त अज्ञान, विकार और नकारात्मकता का नाश होता है। सहजयोग की संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने माँ महागौरी के आध्यात्मिक स्वरूप की व्याख्या करते हुए बताया है कि महागौरी आदिकुंडलिनी शक्ति का स्वरूप हैं। यह कुंडलिनी शक्ति प्रत्येक मनुष्य के भीतर विद्यमान एक जीवंत आध्यात्मिक ऊर्जा है, जो आत्मसाक्षात्कार के माध्यम से जागृत होती है। सहजयोग ध्यान पद्धति में इस शक्ति का जागरण सहज एवं प्राकृतिक रूप से घटित होता है, जिससे मनुष्य अपनी आंतरिक चेतना और आत्मिक स्वरूप का अनुभव करता है। श्री माताजी के अनुसार, कुंडलिनी शक्ति माँ की इच्छाशक्ति है, जो मनुष्य के भीतर स्थित अच्छाई और बुराई को जानती है। यह शक्ति साक्षी भाव में रहते हुए साधक के आध्यात्मिक उत्थान में सहायक होती है। कुंडलिनी जागरण से व्यक्ति के भीतर शांति, संतुलन और आत्मचेतना का विकास होता है। सहजयोग ध्यान के नियमित अभ्यास से मन की



चंचलता कम करने, भावनात्मक संतुलन विकसित करने और जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सहायता मिलती है।

माँ महागौरी की शक्ति सहस्रार चक्र को प्रकाशित करने वाली दिव्य चेतना के रूप में वर्णित की गई है। जब मनुष्य ध्यान के माध्यम से अपनी आंतरिक शक्ति से जुड़ता है, तब उसके भीतर ज्ञान, विवेक और आत्मबोध का विकास होता है। यह आध्यात्मिक अनुभूति उसे बाहरी आडंबरों से ऊपर उठकर सत्य की खोज करने की प्रेरणा देती है। जिस प्रकार सूर्य के उदय होने पर अंधकार दूर हो जाता है, उसी प्रकार आध्यात्मिक जागृति से अज्ञान और नकारात्मक विचारों का प्रभाव कम होने लगता है। नवरात्रि का यह पावन अवसर आत्मचिंतन, ध्यान और आंतरिक शुद्धि के लिए विशेष प्रेरणा प्रदान करता है। माँ महागौरी की आराधना हमें अपने भीतर निहित दिव्य शक्ति को पहचानने तथा जीवन में प्रेम, करुणा, शांति और विवेक को अपनाने का संदेश देती है। आत्मसाक्षात्कार एवं सहजयोग ध्यान के माध्यम से अपनी आंतरिक शक्ति को जागृत करने के लिए अधिक जानकारी हेतु sahajayoga.org.in पर जाएं या टोल फ्री नंबर 1800-270-0800 पर संपर्क करें। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है

देसी मसाला रेस्टोरेंट का पंजीयन निलंबित

खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए 22 नमूने

खुशबू श्रीवास्तव

मानपुर में 10 और गणेश नगर की डेयरियों से 5 नमूने संग्रहित, चलित लैब से 25 खाद्य पदार्थों की मौके पर जांच



इंदौर । खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर नियंत्रण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की। इस दौरान रेस कोर्स रोड स्थित सांची वीनस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के देसी मसाला रेस्टोरेंट का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा मानपुर, गणेश नगर, नौलखा और ट्रेजर आइलैंड मॉल स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए गए।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अनुसार, देसी मसाला रेस्टोरेंट, 39 रेस कोर्स रोड का 11 सितंबर 2026 को निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में मिली कमियों के आधार पर प्रतिष्ठान को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया था। निर्धारित अवधि में कमियों का संतोषजनक निराकरण नहीं किए जाने तथा प्रस्तुत जवाब एवं दस्तावेजों में खाद्य सुरक्षा संबंधी कमियां पाए जाने पर पंजीयन प्राधिकारी मनोज कुमार रघुवंशी ने 15 अक्टूबर को प्रतिष्ठान का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए। निलंबन अवधि में प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

मानपुर में किराना दुकानों से 10 नमूने लिए

16 अक्टूबर को तहसील महू के मानपुर क्षेत्र में विभिन्न किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खुले में धनिया, मिर्च और हल्दी की बिक्री होती पाई गई। विभाग ने संबंधित व्यापारियों को खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री से बचने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप पैक्ड खाद्य पदार्थों का विक्रय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सुरेश चंद एवं ब्रदर्स किराना दुकान से नमकीन, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर और गुलाब जामुन मिक्स के चार नमूने लिए गए। माहेश्वरी किराना से गुलाब जामुन मिक्स, खड़ा मसाला, चाय और अजवाइन के चार नमूने तथा राजेश किराना, सदर बाजार मानपुर से घी और स्वामीनारायण आटा के दो नमूने संग्रहित किए गए। कुल 10 नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं।

गणेश नगर की डेयरियों और नौलखा में जांच

गणेश नगर स्थित सांवरिया डेयरी से दूध, घी और पनीर के नमूने लिए गए, जबकि श्री डेयरी से घी तथा कृष्णा डेयरी से पनीर का नमूना संग्रहित किया गया। तीनों प्रतिष्ठानों से कुल पांच नमूने लिए गए हैं। इसी प्रकार नौलखा स्थित नेचुरल मेवा प्रतिष्ठान से बादाम और काजू के नमूने संग्रहित कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेजर आइलैंड मॉल के फूड कोर्ट में मिलीं कमियां

15 अक्टूबर को ट्रेजर आइलैंड मॉल के फूड कोर्ट स्थित सुरुचि फूड्स चटोरी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई संबंधी कमियां मिलने पर सुधार सूचना पत्र जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। प्रतिष्ठान से विभिन्न खाद्य पदार्थों के पांच नमूने भी जांच के लिए लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट और निरीक्षण में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चलित प्रयोगशाला से 25 नमूनों की त्वरित जांच

मानपुर क्षेत्र में विभाग की चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से हल्दी, मिर्च, धनिया, तेल और खड़े मसालों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के 25 नमूनों की मौके पर त्वरित जांच की गई। इसका उद्देश्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मिलावट की प्रारंभिक पहचान के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराना था। विद्यार्थियों और आमजन को खाद्य सुरक्षा के प्रति किया जागरूक विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर द्वारा श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, आमजन और द वेल्वेट कोटयार्ड के कर्मचारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सुरक्षित खान-पान, खाद्य पदार्थों के उचित भंडारण, स्वच्छता और भोजन तैयार करने के सुरक्षित तरीकों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में दूध, तेल, मसाले और मिठाइयों में होने वाली मिलावट, उसकी प्रारंभिक पहचान तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया गया। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की 'हर लेबल कुछ कहता है' पहल के अंतर्गत पैक्ड खाद्य पदार्थों के लेबल पढ़ने और समझने के महत्व पर जोर दिया गया। लोगों को खाद्य सामग्री खरीदते समय निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि, सामग्री विवरण और पोषण संबंधी जानकारी की जांच करने के लिए प्रेरित किया गया।खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, मिलावट पर नियंत्रण रखने और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए निरीक्षण, नमूना संग्रहण एवं जागरूकता गतिविधियां लगातार जारी रहेंगी।

उन्नत बीज मिनीकिट वितरित, किसानों ने ली नरवाई न जलाने की शपथ



धर्मेन्द्र गुप्ता

विदिशा। विकासखंड नटेरन में कृषि विभाग द्वारा उन्नत बीज मिनीकिट वितरण, कृषक संवाद एवं नरवाई प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शमशाबाद विधायक श्री सूर्यप्रकाश मीणा के मुख्य आतिथ्य में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पात्र कृषकों को मसूर की उन्नत किस्म के बीज मिनीकिट वितरित किए गए। विधायक श्री मीणा ने किसानों से उन्नत बीजों एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन और आय बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सामूहिक शपथ दिलाते हुए रोटावेटर एवं स्ट्रा-रीपर से वैज्ञानिक तरीके से नरवाई प्रबंधन करने की अपील की। इस अवसर पर विकासखंड स्तरीय कृषि योजनाओं से संबंधित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

HPE कंपनी की अप्रेंटिसशिप ड्राइव में विदिशा जिले के 9 युवाओं का चयन

विदिशा। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में बैंगलोर की प्रतिष्ठित आईटी कंपनी HPE (Hewlett Packard Enterprise) द्वारा कॉमर्स ग्रेजुएट युवाओं हेतु अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में जिले के कुल 119 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 9 युवाओं का चयन हुआ। चयनित युवाओं में जागृति बघेल, शासकीय महाविद्यालय विदिशा; तनीशा साहू, गर्ल्स कॉलेज गंजबासौदा; सागर पटेल, एलबीएस कॉलेज गंजबासौदा; शरद कुशवाह एवं सूर्यांश वर्मा, एलबीएस कॉलेज सिरोंज; आशी सरदेशी एवं कुलदीप पटवा, जैन कॉलेज विदिशा; पुष्पेंद्र, वात्सल्य कॉलेज विदिशा तथा प्रियांशु चतुर्वेदी शामिल हैं। यह पहल जिले के युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ कार्य-अनुभव प्राप्त करने और अपने व्यावसायिक कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसरों से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

द नेशनल पावर ग्रुप द्वारा विशाल भंडारा एवं मधुर भजनों का आयोजन संपन्न : हरसिद्धि मंदिर में 17वें वर्ष गूँजा आस्था का स्वर

खुशबू श्रीवास्तव

बैरसिया। तरावली स्थित माँ हरसिद्धि मंदिर में गुरुवार को द नेशनल पावर ग्रुप द्वारा 17वें वर्ष भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। माता को चुनरी अर्पित कर कन्या पूजन, भजन संध्या और विशाल भंडारा हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया। प्रदेश अध्यक्ष पं. जय नारायण बैरागी व कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में अतिथियों व संरक्षक मंडल का माँ की चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। ग्रुप द्वारा 'पहली रोटी गाय के नाम' अभियान के तहत घर-घर से रोटी एकत्र कर गौसेवा और निराश्रितों के अंतिम संस्कार के लिए निःशुल्क लकड़ी-कंडे



की व्यवस्था भी की जाती है। इस अवसर पर संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा, प्रदीप जैन, अमरजीत सिंह गांधी, कैलाश नारायण सक्सेना सहित दीपक दुबे, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजमल कुशवाह, सरदार नरवरिया, रूपेश कुशवाह, मुकेश सिलावट, रामबाबू मालवीय, श्याम वैरागी, रामबाबू साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नवरात्रि गरबा महोत्सव में रोहित यादव ने महिला सुरक्षा और कथित लव जिहाद के प्रति किया जागरूक

खुशबू श्रीवास्तव

संस्था सिद्धि सरकार द्वारा 18 वें गरबा महोत्सव की धूम, भजन गायिका अक्षिता सिंह राजपूत की भजन प्रस्तुति

इंदौर। द्वारकापुरी स्थित आस्था पैलेस कॉलोनी में श्री साईं भक्त मंडल समिति एवं संस्था सिद्धि सरकार मित्र मंडल के तत्वावधान में लगातार 18वें वर्ष भव्य नवरात्रि गरबा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ किया जा रहा है। महोत्सव में धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया जा रहा है। आयोजक एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका अक्षिता सिंह राजपूत की भव्य भजन संध्या हुई। भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में लीन नजर आए।



महिला सुरक्षा और सतर्कता पर दिया जोरकार्यक्रम के दौरान रोहित यादव ने हिंदू बहन-बेटियों को महिला सुरक्षा, व्यक्तिगत सतर्कता, ऑनलाइन संपर्कों में सावधानी तथा कथित लव जिहाद से जुड़े मामलों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के दबाव, धोखाधड़ी या उत्पीड़न की स्थिति में चुप रहने के बजाय परिवार के विश्वसनीय सदस्यों को जानकारी दें और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की सहायता लें। उन्होंने महिलाओं एवं युवतियों से अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। 18 वर्षों से हो रहा है गरबा महोत्सव परम पूज्य बाल संत श्री ऋषभदास जी महाराज की पावन प्रेरणा से आयोजित यह महोत्सव सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकता को समर्पित है।

कार्यक्रम की संरक्षक क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ एवं हिंद रक्षक संगठन के संयोजक श्री एकलव्य सिंह गौड़ हैं। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता दादा शिव सिंह गौड़, श्री वीरेंद्र शेंडगे, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज जी परमार, पार्षद श्रीमती गुरजीत कौर, श्री सतनाम सिंह, श्री राजेश तोमर, श्री राजेश गोयल, श्री दिलीप बड़वाया, श्री लखन देपाले, श्री मनीष इमोलिया, श्री छोटू यादव, श्री राहुल यादव, श्री गोलू चौधरी, श्री मनीष यादव, श्री आकाश निहाले, श्री गोलू गंधारे, श्री शिवा भारले एवं श्री भयु यादव सहित अनेक गणमान्यजन और धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सनातन संस्कृति का संरक्षण, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा

कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर प्रभारी उप पंजीयक नरवर जिला कार्यालय में संलग्न

करैरा उप पंजीयक संदीप सिंह गौर को नरवर का अतिरिक्त प्रभार

हेमंत भार्गव

शिवपुरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसमस्याओं और शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई है। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों और पूर्व में प्राप्त अनियमितता संबंधी शिकायतों के आधार पर प्रभारी उप पंजीयक नरवर श्री हनीफ खान को जांच अवधि तक उप पंजीयक कार्यालय नरवर से हटाकर जिला पंजीयक कार्यालय शिवपुरी संलग्न किया गया है। जनसुनवाई के दौरान प्रभारी उप पंजीयक श्री हनीफ खान के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके अलावा पूर्व में मगरौनी क्षेत्र से भी उनके कार्यप्रणाली के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने जिला पंजीयक को तत्काल प्रभारी उप पंजीयक के विरुद्ध जांच के निर्देश दिए हैं। जिला पंजीयक श्री दुष्यंत दीक्षित ने बताया कि कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशों के तहत श्री हनीफ खान को आगामी आदेश तक जिला पंजीयक कार्यालय शिवपुरी में संलग्न किया गया है।

वहीं, उप पंजीयक कार्यालय नरवर में पंजीयन कार्य सुचारू रूप से संचालित रखने के उद्देश्य से उप पंजीयक करैरा श्री संदीप सिंह गौर को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आगामी आदेश तक उप पंजीयक नरवर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

साइबर धोखाधड़ी के प्रकरण में झाबुआ पुलिस की कार्रवाई, दिल्ली से एक आरोपी गिरफ्तार

झाबुआ पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के एक प्रकरण में आरोपी दीपक पिता राजेश बघेल उम्र 19 साल निवासी बुध विहार, रोहिणी नई दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 08.08.2026 को फरियादी द्वारा अस्पताल में अपॉइंटमेंट लेने के उद्देश्य से गूगल पर मोबाइल नंबर खोजकर संपर्क किया गया था। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने फरियादी से ओटीपी



प्राप्त कर उसके बैंक खाते से धोखाधड़ीपूर्वक राशि निकाल ली। मोबाइल पर बैंक खाते से राशि निकाले जाने के संदेश प्राप्त होने पर फरियादी ने बैंक स्टेटमेंट की जांच की, जिसमें अलग-अलग समय पर कुल 97,086/- निकाले जाने की जानकारी सामने आई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना काकनवानी में अपराध क्रमांक 183/2026, धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में साइबर सेल एवं थाना काकनवानी की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी की राशि में से 57,363/ पर होल्ड लगवाया गया। साथ ही, तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश की गई। विवेचना के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य उपलब्ध जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी दीपक पिता राजेश बघेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी बुध विहार, रोहिणी, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया।

सराहनीय कार्य- थाना प्रभारी काकनवानी निरीक्षक श्रीमती नेहा बिरला, चौकी प्रभारी मदरानी सउनि. श्री अरूण गोयल, आर.212 कन्हैयालाल, आर.529 रोशन लोधी का सराहनीय योगदान रहा। झाबुआ पुलिस आमजन से अपील करती है कि अस्पताल में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने, कस्टमर केयर से संपर्क करने अथवा अन्य सेवाओं के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध मोबाइल नंबरों का उपयोग करते समय विशेष सतर्कता बरतें।

किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते से संबंधित गोपनीय जानकारी अथवा अन्य संवेदनशील विवरण साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा आधिकारिक पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें।

परिश्रम गरबा महोत्सव 2026 में भक्ति और उत्साह का संगम, 18 अक्टूबर को बाबा खाटू श्याम की भव्य भजन संध्याआयोजन किया गया

इंदौर। नवरात्रि के पावन अवसर पर इंदौर में परिश्रम गरबा महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में प्रतिदिन शाम 8 बजे से आकर्षक गरबा प्रस्तुतियां हो रही हैं। आयोजन में श्रद्धालु माता की आराधना के साथ गरबा महोत्सव का आनंद ले रहे हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन कन्या भोज और महाप्रसादी का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के संरक्षक मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट हैं, जबकि वार्ड क्रमांक 35 के पार्षद राकेश सोलंकी कार्यक्रम के संयोजक हैं। आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।



कई प्रमुख अतिथियों ने की सहभागिता- परिश्रम गरबा महोत्सव में अब तक अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर सहभागिता की है। इनमें कार्यक्रम संरक्षक तुलसी सिलावट सिलावट, पूर्व सरपंच बाबूलाल यादव, कैलाश तिवारी, नगर मंत्री पप्पू शर्मा, राजेश पांडेय, बिट्टू महाराज, अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार, रितेश पाल, सुनील परमार, बलजीत सिंह चौहान, पूर्व प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय, सोशल मीडिया प्रभारी सचिन गवली और जीवन पटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं। महोत्सव के अंतर्गत 18 अक्टूबर को बाबा खाटू श्याम की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया इस दौरान भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया आयोजकों को उम्मीद है कि भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म और भक्ति के इस आयोजन का आनंद लिया 0 परिश्रम ग्रुप की टीम जुटी व्यवस्थाओं में- महोत्सव की व्यवस्थाओं में परिश्रम ग्रुप की व्यवस्थापक अनीता, राकेश सोलंकी, संतोष सिंधिया और सुनीता सिंधिया सहित पूरी टीम सक्रिय है। आयोजन को सफल बनाने में ऋतिक सोलंकी, हर्ष सिंधिया, रितेश भनोदिया, किशोर वाडिया, मोहन पोलिया, राकेश पेंटर, भारत चौहान, राकेश मालवीय, नेहरू सोलंकी, अशोक सोलंकी, विनय राठौर, रोहित, सोहेल, सनी सेन, आयुष सिंधिया, नयन सोलंकी और सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। परिश्रम गरबा महोत्सव के माध्यम से धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रतिदिन गरबा, कन्या भोज और महाप्रसादी के आयोजन से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

शिवपुरी में भक्ति और आस्था का सैलाबः एक साथ 40 भक्तों ने की दंडवत यात्रा, माँ राजेश्वरी मंदिर से माँ चिंतपूर्णी खाटूश्यामजी मंदिर तक गूंजे जयकारे

शिवपुरीः में इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। माँ चिंतपूर्णी खाटूश्यामजी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित एक भव्य धार्मिक अनुष्ठान के दौरान शहर की सड़कें पूरी तरह भक्तिमय नजर आईं। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण यह रहा कि एक साथ 40 भक्तों ने दंडवत यात्रा कर अपनी अनन्य आस्था का परिचय दिया।

माँ राजेश्वरी मंदिर से हुई यात्रा की शुरुआत

इस धार्मिक यात्रा का शुभारंभ शहर के प्रसिद्ध माँ राजेश्वरी मंदिर से हुआ। यात्रा आरंभ होने से पहले माँ राजेश्वरी की विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद भक्तों ने दंडवत यात्रा का संकल्प लेकर आगे बढ़ना शुरू किया। यात्रा के दौरान शहर के मुख्य मार्गों—गुरुद्वारा झाँसी तिराहे से होते हुए यह कारवां गुना बाइपास स्थित प्रसिद्ध प्राचीन माँ चिंतपूर्णी खाटूश्यामजी मंदिर तक पहुंचा।

जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

दंडवत यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया गया। 'जय माता दी' और 'श्री श्याम बाबा की जय' के जयकारों से पूरा शिवपुरी शहर गूंज उठा। इस अदभुत और कठिन दंडवत यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर भक्तों का तांता लगा रहा।

प्राचीन मंदिर पहुंचकर पूर्ण हुई यात्रा

गुना बाइपास स्थित प्राचीन माँ चिंतपूर्णी खाटूश्यामजी मंदिर पहुंचने पर सभी 40 भक्तों ने माता और बाबा श्याम के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में धार्मिक सौहार्द बढ़ता है और युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति जुड़ाव मजबूत होता है। यात्रा के समापन पर प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ लिया।

अब व्यापारियों की ताकत को नई धार देंगे संदीप जैन'राजरतन', सकल व्यापारी संघ झाबुआ में सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नीभाएंगे

व्यापारियों के हितों की आवाज बुलंद करने और शहर की व्यापारिक गतिविधियों को नई गति देने की दिशा में सकल व्यापारी संघ ने संदीप जैन (राजरतन) को सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। इस नई जिम्मेदारी को लेकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। उनकी नियुक्ति से व्यापारी वर्ग में उत्साह के साथ संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर नई उम्मीदें भी जुड़ी हैं।

पत्रकारिता और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय पहचान- संदीप जैन (राजरतन) पत्रकारिता एवं संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। वे 'त्रिनेत्र की नजर' के पांच राज्यों के प्रभारी, 'राज एक्सप्रेस' के जिला ब्यूरो चीफ तथा भारतीय पत्रकार संघ की यूथ इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता के बीच अब सकल व्यापारी संघ के सचिव का दायित्व मिलने से उनकी जिम्मेदारियों में एक नया अध्याय जुड़ गया है। व्यापारियों के हित, संगठन की मजबूती पर रहेंगी निगाहें सकल व्यापारी संघ किसी भी शहर की व्यापारिक एकजुटता और आपसी समन्वय का महत्वपूर्ण मंच होता है।

ऐसे में संगठन के नए पदाधिकारियों के सामने व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने, उनके हितों की रक्षा करने और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां रहेंगी। संगठन की पूरी टीम के समन्वित प्रयासों से शहर में व्यापारिक हितों से जुड़े मुद्दों को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

पौने 10 साल बाद तुकईथड़ पहुंची यात्री ट्रेन, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

महेन्द्र मालवीय

बुरहानपुर,तुकईथड़। खंडवा-अमला खुर्द-तुकईथड़ रेल सेक्शन में करीब पौने 10 साल बाद यात्री ट्रेन पहुंचने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। नांदेड़-तुकईथड़ स्पेशल यात्री ट्रेन 18 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे तुकईथड़ स्टेशन पहुंची। ट्रेन के आगमन पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। रिटायर्ड रेलवे कर्मी रमेश कैथवास ने अपने परिवार ओर ग्रामीणों के साथ रेल इंजिन को पुष्प माला पहना कर श्रीफल फोड़ पूजा कर मिठाई बाटी , लंबे समय बाद यात्री ट्रेन को अपने क्षेत्र में देखकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया। इस दौरान ग्रामीणों ने ट्रेन से टिकट लेकर सफर भी किया।

ट्रेन का समय और संचालन विवरण

नांदेड़-तुकईथड़ स्पेशल ट्रेन संख्या 07689 नांदेड़ से 17 अक्टूबर की रात रवाना हुई। ट्रेन के खंडवा पहुंचने के बाद इसे तुकईथड़ के लिए रवाना किया गया। 18 अक्टूबर की सुबह तुकईथड़ पहुंचने पर ग्रामीणों ने इसका स्वागत किया। वापसी में ट्रेन संख्या 07690 सुबह करीब 11:30



बजे तुकईथड़ से खंडवा के लिए रवाना हुई।

खकनार ब्लॉक के गांवों को मिल सकती है सुविधा

तुकईथड़ रेल सेक्शन पर नियमित यात्री ट्रेन सेवा शुरू होने से खकनार ब्लॉक के सभी गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और इलाज के लिए शहर जाने वाले ग्रामीणों को खंडवा सहित अन्य शहरों तक पहुंचने में सहूलियत मिल सकती है।

तुकईथड़ से सनावद तक ट्रेन चलाने की मांग ग्रामीण संजय सिंह गौतम, योगेश शंखपाल , संजय सिंह चौहान,विनोद जोशी, विक्रम ठाकुर राहुल दीक्षित, उमेश शिवहरे राजा ठाकुर, दुर्गेश श्रीवास,सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यदि तुकईथड़ से सनावद तक यात्री ट्रेन का संचालन शुरू किया जाता है तो इससे और अधिक लोगों को सुविधा मिल सकेगी। रेल सेवा का विस्तार होने से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन के लिए बेहतर विकल्प मिलेगा।

व्यापार बढ़ेगा मध्य प्रदेश ओर महाराष्ट्र दोनों राज्यों का व्यापार बढ़ेगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस विशेष ट्रेन के संचालन के बाद जल्द ही नियमित यात्री ट्रेन सेवा भी शुरू हो सकती है। हालांकि, स्थायी सेवा शुरू करने के संबंध में रेलवे की आधिकारिक घोषणा की पुष्टि होना बाकी है।

आईपीएल ऑक्शन 16 दिसंबर को हो सकता है

बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजी से प्रतिनिधिमंडल की जानकारी मांगी, गोवा में होना है इवेंट

मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल 2026 का प्लेयर ऑक्शन 16 दिसंबर को हो सकता है। ऑक्शन गोवा के ढ्रुश्ट ग्रैंड गोवा होटल में हो सकता है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक फ्रेंचाइजी मालिकों और सीईओ को तारीख और वेन्यू की पुष्टि वाला ऑफिशियल ईमेल नहीं भेजा है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को बीसीसीआई की लॉजिस्टिक्स टीम ने वॉट्सऐप मैसेज के जरिए फ्रेंचाइजी को ऑक्शन की प्रस्तावित तारीख और जगह की जानकारी दी है। बोर्ड ने फ्रेंचाइजी से यह भी पूछा है कि ऑक्शन में शामिल होने के लिए उनके प्रतिनिधिमंडल में कितने लोग आएंगे। 15 दिसंबर को ऑक्शन से पहले ब्रीफिंग रखी गई है। यह आईपीएल 2026 के ऑक्शन की तस्वीर है। हर टीम से ऑक्शन में आने वाले प्रतिनिधियों की जानकारी बीसीसीआई ने मांगी है, ताकि उनके ठहरने की व्यवस्था की जा सके।



● **यात्रा और ठहरने की व्यवस्था के लिए भेजा मैसेज** – रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई का यह मैसेज मुख्य रूप से गोवा में यात्रा और ठहरने की व्यवस्था करने के लिए भेजा गया है। बोर्ड की ओर से आधिकारिक सूचना बाद में जारी की जा सकती है। ऑक्शन की तारीख में बदलाव होगा या नहीं, इस पर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है।

उसी दिन भारत-श्रीलंका वनडे भी

16 दिसंबर को भारत और श्रीलंका के बीच बेंगलुरु में वनडे मैच भी होना है। ऐसे में ऑक्शन और इंटरनेशनल मैच एक ही दिन होने की स्थिति में शेड्यूल में बदलाव होगा या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। इससे पहले रिपोर्ट्स में भारत-श्रीलंका वनडे सीरीज के पहले वनडे मैच का वेन्यू बदलने की संभावना जताई गई थी। यह मुकाबला 13 दिसंबर को नई दिल्ली में होना है। हालांकि, बीसीसीआई ने हाल ही में मैच का वेन्यू बदलने की योजना से इनकार किया था।

भारतीय कप्तान गिल रणजी मैच में 1 रन बनाकर आउट

छत्तीसगढ़ के अजय मंडल ने बोल्ड किया; हर्षल पटेल के 250 फर्स्ट क्लास विकेट

रायपुर (एजेंसी)। भारतीय टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल रणजी ट्रॉफी 2026-27 में अपने पहले मैच में एक रन पर आउट हो गए हैं। उन्हें रविवार को छत्तीसगढ़ के अजय मंडल ने बोल्ड कर दिया। चंडीगढ़ में चल रहे इस मैच में टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब ने पहली पारी में 3 विकेट पर 89 रन बना लिए हैं। एक अन्य मुकाबले में गुजरात के हर्षल पटेल ने दिल्ली के 2 विकेट झटक लिए हैं। उनके फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 250 विकेट हो चुके हैं।



न्यूजीलैंड दौरे के लिए रणजी खेल रहे हैं गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल न्यूजीलैंड दौरे की तैयारी के लिए रणजी ट्रॉफी का मैच खेलने उतरे हैं। 2 दिन पहले जारी टीम में उन्हें टेस्ट और शुरुआती 3 वनडे मैच के लिए भारत का कप्तान बनाया गया है।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती

गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने 2 महीने पहले श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की थी। कोलंबो में इस सीरीज का दूसरा मैच ड्रॉ रहा था। जबकि, पहले मुकाबले को टीम इंडिया ने 165 रन से जीता था।

हर्षल पटेल के 250 फर्स्ट क्लास विकेट पूरे – गुजरात के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने दिल्ली के खिलाफ सनत सांगवान को आउट कर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपने 250 विकेट पूरे किए। इसके बाद उन्होंने यश ढुल को भी पवेलियन भेजा। दूसरी ओर, दिल्ली के ओपनर प्रियांश आर्य ने 55 गेंदों में अपना दूसरा फर्स्ट क्लास अर्धशतक पूरा किया। दिल्ली ने 94 रन पर 2 विकेट गंवाए थे।

सौराष्ट्र के गेंदबाजों ने कर्नाटक को दिए शुरुआती झटके

जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया की स्विंग गेंदबाजी के सामने कर्नाटक की टीम मुश्किल में नजर आई। टीम ने शुरुआती दौर में 22 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। रोहन पाटिल और विजयकुमार वैशाख आउट हुए, जबकि मयंक अग्रवाल और केवी अनीश नाबाद हैं। सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। रविवार को उनादकट का 35वां जन्मदिन भी है।

साई किशोर ने लक्ष्य रायचंदानी को आउट किया

तमिलनाडु के कप्तान आर साई किशोर ने उत्तराखंड के खिलाफ लंच से ठीक पहले भारत की अंडर-19 टीम के खिलाड़ी लक्ष्य रायचंदानी को 15 रन पर आउट किया। लंच तक उत्तराखंड ने 41 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इससे पहले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुरुआती तीन विकेट लेकर उत्तराखंड के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया।

लियोनेल मेस्सी के दो गोल, इंटर मियामी ने अटलांटा यूनाइटेड को 3-1 से हराया



अटलांटा (एजेंसी)। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) मुकाबले में अटलांटा यूनाइटेड को 3-1 से हरा दिया। शनिवार को खेले गए इस मुकाबले में मेस्सी ने दो गोल किए और एक गोल करने में अहम भूमिका निभाई। उनके दमदार प्रदर्शन से इंटर मियामी ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी।

मेस्सी ने गोल के साथ असिस्ट भी किया – लियोनेल मेस्सी ने मुकाबले में अपने शानदार खेल से टीम की जीत में अहम योगदान दिया। उन्होंने दो गोल करने के अलावा इंटर मियामी के शुरुआती गोल का मौका भी तैयार किया। मेस्सी की रचनात्मक खेल शैली और बेहतरीन तालमेल ने अटलांटा यूनाइटेड के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा।

पहले हाफ के आखिरी क्षणों में बेर्टेरामे ने खोला खाता – इंटर मियामी की ओर से पहला गोल जर्मन बेर्टेरामे ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में किया। इस गोल को तैयार करने में लियोनेल मेस्सी और लुईस सुआरेज ने अहम भूमिका निभाई। एमएलएस में अपने शुरुआती 26 मुकाबलों में बेर्टेरामे का यह नौवां गोल था। इस गोल के साथ इंटर मियामी ने मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

मेस्सी के नाम 40 गोल योगदान, रिकॉर्ड पर नजर – इस मुकाबले के बाद मेस्सी के नाम गोल और असिस्ट मिलाकर कुल 40 गोल योगदान दर्ज हो चुके हैं। वह लॉस एंजिलिस एफसी के कार्लोस वेला के 2019 में बनाए गए 49 गोल योगदान के रिकॉर्ड से नौ योगदान पीछे हैं। मेस्सी के पास इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए चार मुकाबले शेष हैं। ऐसे में आने वाले मैचों में उनका प्रदर्शन खास नजरों में रहेगा। यदि वह इसी तरह गोल करने और गोल में मदद देने का सिलसिला जारी रखते हैं, तो रिकॉर्ड के करीब पहुंच सकते हैं।

● **56वें और 60वें मिनट में मेस्सी के लगातार दो गोल** – दूसरे हाफ में मेस्सी ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखा। उन्होंने 56वें मिनट में गोल करके इंटर मियामी की बढ़त 2-0 कर दी। इसके चार मिनट बाद, यानी 60वें मिनट में, उन्होंने एक और गोल दाग दिया। इस तरह इंटर मियामी ने मुकाबले में 3-0 की मजबूत बढ़त बना ली। दोनों गोलों में जर्मन बेर्टेरामे ने अहम भूमिका निभाई, जबकि मेस्सी के दूसरे गोल में लुईस सुआरेज का भी योगदान रहा। इस तरह तीनों खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन तालमेल इंटर मियामी की जीत का बड़ा कारण बना।

भारत में फिर लौटनी चाहिए फॉर्मूला-1 रेस, दिग्गज मिका हाकिनेन ने बताई वजह

मुंबई (एजेंसी)। फॉर्मूला-1 के दिग्गज ड्राइवर और दो बार के विश्व चैंपियन मिका हाकिनेन का मानना है कि भारत में इस मोटरस्पोर्ट की लोकप्रियता और प्रशंसकों की बड़ी संख्या को देखते हुए यहां फिर से फॉर्मूला-1 रेस का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत आने के बाद उन्हें यहां इस खेल के प्रति लोगों का उत्साह और प्रशंसकों की संख्या का अंदाजा हुआ है। भारत सरकार ने भी देश में फॉर्मूला-1 की वापसी के लिए प्रयास शुरू किए हैं।



हाकिनेन ने फैनकोड की ओर से आयोजित एक विशेष साक्षात्कार में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, भारत में कई साल पहले रेस का आयोजन हुआ था और मैंने सुना है कि इसे लेकर चर्चा चल रही है। यहां आने के बाद मैंने महसूस किया कि भारत में फॉर्मूला-1 के प्रशंसकों की संख्या बहुत बड़ी है।

उन्होंने भारत में रेस की वापसी की वकालत करते हुए कहा, मेरा मानना है कि फॉर्मूला-1 भारत में होना चाहिए। इसे यहां वापस आना ही चाहिए। भारत के इतिहास में दो ड्राइवर फॉर्मूला-1 में हिस्सा ले चुके हैं। इससे भी भारत में रेस आयोजित करने की जरूरत और मजबूत होती है। हाकिनेन के मुताबिक, भारत में फॉर्मूला-1 रेस का आयोजन केवल खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे कारोबार और निवेश के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजन से कंपनियों को भारत में अपने नेटवर्क का विस्तार करने और व्यावसायिक संबंध मजबूत करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, यह कंपनियों के लिए भारत आकर नेटवर्क बनाने, कारोबार शुरू करने और आपसी व्यावसायिक संबंध मजबूत करने का शानदार अवसर है।

नवंबर में इन 5 ट्रेक पर मिलेगा पहाड़ों का रोमांच

नवंबर में पहाड़ों की सैर और ट्रेकिंग का शौक रखने वालों के लिए हिमालय की वादियां शानदार विकल्प हैं। कहीं पतझड़ के रंग नजर आते हैं, तो कहीं ऊंची चोटियों पर बर्फ का नजारा रोमांच बढ़ा देता है। केदारकांठा, उत्तराखंडः सर्दियों में बर्फ देखने के लिए लोकप्रिय ट्रेक। मौसम और बर्फ की स्थिति पहले जांचें। नाग टिब्बा, उत्तराखंडः शुरुआती ट्रेकर्स के लिए अच्छा विकल्प, लेकिन चढ़ाई की तैयारी जरूरी है। त्रियुंड, हिमाचल प्रदेशः धौलाधार पर्वतमाला के खूबसूरत नजारे इस सफर को खास बनाते हैं। ब्रह्मताल, उत्तराखंडः पर्वतीय दृश्यों और सर्दियों के रोमांच के लिए जाना जाता है। कुफरी के आसपास के पैदल मार्ग, हिमाचल प्रदेशः पहाड़ों और जंगलों के बीच प्रकृति का आनंद लेने का विकल्प। नवंबर में हर जगह बर्फबारी निश्चित नहीं होती।

रुबियो के दौरे में जामनगर क्यों अहम?

ऊर्जा, निवेश और व्यापार पर नजर, अंबानी से मुलाकात भी चर्चा में

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के भारत दौरे में मुंबई और गुजरात का जामनगर खास महत्व रख रहे हैं।

17 से 22 अक्टूबर तक प्रस्तावित यात्रा का उद्देश्य भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना और ऊर्जा सहयोग, व्यापार तथा निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाना है। मुंबई में रुबियो की विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत प्रस्तावित है। इसमें द्विपक्षीय संबंधों के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। जामनगर



पर सबकी नजर इसलिए है, क्योंकि यहां रिलायंस इंडस्ट्रीज का विशाल तेल शोधन परिसर है। रुबियो की यात्रा के दौरान रिलायंस के प्रमुख मुकेश अंबानी से मुलाकात भी चर्चा में है। अमेरिका में नई तेल शोधन परियोजना में रिलायंस के संभावित निवेश ने इस दौरे का कारोबारी महत्व बढ़ा दिया है।

यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते और रूसी तेल खरीद को लेकर मतभेद बने हुए हैं। अब नजर इस बात पर है कि बातचीत से निवेश और ऊर्जा संबंधों को कितनी गति मिलती है।

एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 20,700 करोड़ पार

दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर बढ़ा लाभ, ब्याज आय में भी उछाल

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

देश के सबसे बड़े निजी बैंकों में शामिल एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया है। बैंक



का समेकित शुद्ध लाभ बढ़कर करीब 20,700 करोड़ रुपये पहुंच गया। पिछले साल इसी अवधि में यह लगभग 19,611 करोड़ रुपये था। बैंक का एकल शुद्ध लाभ भी सालाना आधार पर 4.7 प्रतिशत बढ़कर 19,510 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष सितंबर तिमाही में यह 18,641 करोड़ रुपये था। इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय में 9.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह करीब 34,619 करोड़ रुपये पहुंच गई। कर्ज वितरण और जमा में बढ़ोतरी ने भी प्रदर्शन को सहारा दिया। हालांकि, बैंक की कारोबारी आय के कुछ हिस्सों पर दबाव रहा और विश्लेषकों के अनुमान के मुकाबले एकल लाभ थोड़ा कम रहा। ऐसे में बढ़ता मुनाफा सकारात्मक संकेत जरूर है, लेकिन आगे की वृद्धि के लिए बैंक की आय और कर्ज की गुणवत्ता पर नजर रहेगी।

भ्रामक दावों पर नेस्ले-एचयूएल को नोटिस

खाद्य उत्पादों के दावों को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने नेस्ले इंडिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर को नोटिस जारी किए हैं। मामला कुछ उत्पादों के कथित भ्रामक दावों और खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुपालन से जुड़ा बताया जा रहा है। प्राधिकरण ने नेस्ले के 'रिसोर्स रीनल पाउडर' और हिंदुस्तान यूनिलीवर के 'हॉर्लिक्स मदर्स प्लस केसर' से संबंधित दावों पर स्पष्टीकरण मांगा है। खाद्य उत्पादों के विज्ञापनों में किए जाने वाले दावे नियमों के अनुरूप होने चाहिए, ताकि उपभोक्ता सही जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकें। इस कार्रवाई के बाद कंपनियों के उत्पादों के प्रचार और दावों की प्रमाणिकता पर सवाल उठे हैं। हालांकि, नोटिस जारी होना किसी कंपनी को दोषी ठहराए जाने के समान नहीं है। अब कंपनियों के जवाब और नियामक की आगे की कार्रवाई से स्पष्ट होगा । कि कथित उल्लंघन किस प्रकृति के हैं और क्या कोई दंडात्मक कदम उठाया जाएगा।

बेबी फूड में चीनी पर लग सकती है रोक

छह माह तक के शिशुओं के आहार को लेकर एफएसएसएआई का प्रस्ताव, 60 दिन में मांगे सुझाव



छह माह तक के शिशुओं के लिए बनाए जाने वाले खाद्य उत्पादों को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने नया प्रस्ताव रखा है। इसके तहत शिशुओं के आहार में सुक्रोज और फ्रुक्टोज मिलाने पर रोक लगाने की तैयारी है। अंतिम निर्णय से पहले संबंधित पक्षों से 60 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां मांगी गई हैं।

प्रस्ताव का उद्देश्य शिशुओं के लिए तैयार खाद्य पदार्थों की संरचना को लेकर नियमों को सख्त करना है। सुक्रोज और फ्रुक्टोज शर्करा के प्रकार हैं, जिनका इस्तेमाल खाद्य उत्पादों में मिठास बढ़ाने के लिए किया जाता है। हालांकि, अभी इसे प्रस्ताव के रूप में ही देखा जाना चाहिए। अंतिम नियम जारी होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि प्रतिबंध का दायरा क्या होगा और कंपनियों को किन शर्तों का पालन करना पड़ेगा।

शिशु के पोषण के लिए पहले छह महीने तक मां का दूध सर्वोत्तम आहार माना जाता है। किसी विशेष परिस्थिति में विकल्प की जरूरत हो तो चिकित्सक की सलाह लेना जरूरी है।

अमेरिकी टैरिफ संकट टला, खतरा बरकरार

रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर भारी अमेरिकी शुल्क लगाने का खतरा फिलहाल टल गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रतिबंधों से राहत दिए जाने के बाद भारतीय निर्यातकों को कुछ राहत मिली है। लेकिन इसे स्थायी समाधान मानना जल्दबाजी होगी। मामले की शुरुआत रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगाने के प्रस्ताव से हुई थी। बाद में रूस से जुड़े प्रतिबंधों के तहत 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की व्यवस्था पर चर्चा हुई। आशंका थी कि भारत के निर्यात पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है। हालांकि, अमेरिकी कानून अभी खत्म नहीं हुआ है। राहत मिलने का अर्थ यह नहीं कि भविष्य में शुल्क लगाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है।

नेस्ले और एचयूएल को एफएसएसएआई का नोटिस

खाद्य उत्पादों के विज्ञापनों में किए जाने वाले दावों को लेकर नेस्ले इंडिया और हिंदुस्तान यूनिलीवर के सामने सवाल खड़े हुए हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कथित भ्रामक दावों और नियमों के उल्लंघन को लेकर दोनों कंपनियों को नोटिस जारी किए हैं।

मामला नेस्ले के 'रिसोर्स रीनल पाउडर' और हिंदुस्तान यूनिलीवर के 'हॉर्लिक्स मदर्स प्लस केसर' से जुड़े दावों का बताया जा रहा है। नियामक ने इन उत्पादों के प्रचार और संबंधित नियमों के अनुपालन पर स्पष्टीकरण मांगा है। खाद्य उत्पादों के विज्ञापनों में किए गए दावों का नियमानुसार होना जरूरी है।